## खबर संक्षेप

### दुर्गा नवमी को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**सागर।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने दुर्गा नवमी दिनांक 01 अक्टूबर दिन बुधवार को संपूर्ण सागर जिले के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषालय/उपकोषालय को लागू नहीं होगा।

### पटवारी को किया गया निलंबित

**सागर।** एसडीएम केसली ने पटवारी प.ह.नं. 46- जमुनिया चिखली दांगी पटवारी को अनुशासनहीनता एवं कदाचरण बरतने पर निलंबित कर दिया। जारी निलंबन आदेश के अनुसार तहसीलदार केसली के प्रतिवेदन के अनुसार पटवारी दीपेश दांगी द्वारा राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने तथा हल्के में उपस्थित न रहने एवं राजस्व समीक्षा बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया तथा सूचना पत्रों के जबाब दीपेश दांगी पटवारी द्वारा आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किया गया। पटवारी का यह कृत्य अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों व निर्देशों की अवहेलना करना है जो अपने पदीय दायित्वों के प्रति अनुशासनहीनता एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिस कारण दीपेश दांगी पटवारी प.ह.नं. 46 जमुनिया चिखली को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### नशामुक्ति और स्वच्छ खाद्य का दिया संदेश

**सागर।** सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संदीप जी.आर. ने जैसीनगर के भ्रमण के दौरान बरौदा सागर, सेमरा गोपालमन रोड पर स्थित चाट गुमटी और अन्य रेड़ियों पर अचानक पहुँचकर दुकानदारों और उपस्थित लोगों से बात की। कलेक्टर ने लोगों को नशामुक्त जीवन जीने की सलाह दी और दुकानदारों से आग्रह किया कि वे गुटखा, बीड़ी, सिगरेट जैसे नशीले पदार्थों का न तो विक्रय करें और न ही उपयोग करें। कलेक्टर ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे चाट व अन्य खाद्य सामग्री में शुद्ध एवं सुरक्षित सामग्री का उपयोग करें, जिससे किसी भी नागरिक को दूषित भोजन के कारण स्वास्थ्य हानि न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।

### शासकीय सेवकों के लिए एक दिवासीय आनंद अल्पिविराम कार्यशाला

**सागर।** जिले के शासकीय सेवकों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनकी दैनिक दिनचार्य में सकारात्मकता का भाव बढाने की दृष्टी हेतु जिले के समस्त विकास खण्डों में 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आनंद अल्पिविराम कार्यशाला आयोजित की जाएगी। अल्पविराम परिचय कार्यशाला प्रत्येक विकासखण्ड पर सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक किया जाएगा।

### अग्निवीर यूनिट मुख्यालय कोटा भर्ती रैली 10 से 14 नवम्बर तक

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन नौसेना यूपीएस भदौरिया ने बताया कि सेना चिकित्सा कोर केन्द्र एवं कालेज, लखनऊ द्वारा अग्निवीर यूनिट मुख्यालय कोटा भर्ती रैली का आयोजन 10 नवम्बर से 14 नवम्बर तक किया जा रहा है। इस भर्ती रैली के अंतर्गत विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी, जिनमें क्लर्क / स्टोरकीपर टेकनी कल, अग्निवीर जीडी , ट्रेड्समैन शेफ, स्टीवर्ड, ड्रेसर, टेलर, वॉशरमैन एवं म्यूज़िशियन , ट्रेड्स मैन हाउसकीपर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

---

**जैसीनगर में सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ**

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने मुख्य मंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना का हो रहा शुभारंभः मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शुभागमन सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में हो रहा है। इसके संबंध में मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री राजपूत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महान चितक, कुशल संगठन कर्ता, विश्व को एकात्म मानववाद का सिध्दांत देने वाले, साहित्यकार पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के मंत्र के साथ मजबूत भारत के निर्माण का सपना देखा था। सरकार उनके बताए मार्ग पर चलते हुए काम कर रही है। पं. दीनदयाल जी ने कहा था कि राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है, अंत्योदय हमारा लक्ष्य है।



मंत्री राजपूत ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सपने को साकार करने लिए उनकी जन्म जयंती पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना की शुरुआत हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की पूरी प्रकिया को पारदर्शी बनाया जाएगा।मंत्री राजपूत ने आगे बताया कि उपभोक्ताओं में आपका राशन आपका अधिकार के तहत जागरूकता लाने के लिए समय-समय पर चरणबद्ध रूप से उपभोक्ता जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जैसीनगर में आपका राशन आपका अधिकार के तहत अन्य सुरक्षा संकल्प समारोह एवं करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में लोगों को आमंत्रित करने व्यवस्थाओं की देखरेख एवं मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पूरी तत्परता से योगदान दें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में कोई कमी ना हो। हर व्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया की अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



## नदी घाटों की साफ सफाई कर किया श्रमदान

**गढ़ाकोटा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान एवं नगर में विधायक पं. गोपाल भार्गव के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़े के सातवें दिवस मंगलवार को सार्वजनिक स्थान एवं सोनभद्र नदी के किनारे घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का आधार है। सभी लोगों को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।देश एवं नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की पहल हम सभी को ही करनी होगी एवं इसके लिए हम सभी सदैव संकल्पित है स्वच्छता ही सेवा है,और यही संकल्प है।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा के समस्त पार्षद गण एवं कर्मचारियों ने प्रण लिया कि हम नगर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे और हर नागरिक को स्वच्छता की ओर प्रेरित करेंगे। सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अभियान मे सीएमओ धनंजय गुमास्ता,पार्षद किशोरी लाल कोरी, नीलेश दुबे, मोहसिन खान ,अमित सेन समेत जन प्रतिनिधियों,सफाई कर्मियों, नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



## रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र (सीएआर) के द्वारा लेज़र रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआरएस) पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 18 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे (प्रभारी, सीएआर) ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. आशीष कुमार के द्वारा बताया गया कि एलआरएस एक महत्वपूर्ण कैरेक्टाराइजेशन तकनीक है, जिसका उपयोग क्वालिटी कंट्रोल, फेलियर ऐनालिसिस, सैम्पल आइडेंटिफिकेशन, मटेरियल कैरेक्टराइजेशन और सामान्य रूप से सैम्पल के भौतिक और रासायनिक गुणों की जांच करने के लिए किया जाता है। हैंड्स ऑन सत्र रमन स्पेक्ट्रोमीटर के हार्डवेयर भाग और इसके सहायक उपकरणों के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ। विभिन्न पृष्ठभूमियों के सैम्पल विश्लेषण करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को सैम्पल तैयार करने, उसके विश्लेषण से लेकर डेटा व्याख्या तक की पूरी जानकारी प्रदान की गई। डॉ. आशीष कुमार ने प्रतिभागियों की रुचि के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों पर विचार किया एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों से कार्यशाला के बारे में प्रतिक्रियाएं ली गईं। रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी पर संपूर्ण हैंड्स ऑन सत्र, उन्नत अनुसंधान केंद्र की तकनीकी टीम की देखरेख में आयोजित किया गया।

# महिलाओं का सशक्तीकरण तभी संभव है जब वे स्वस्थ हों : डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश एवं 7 एमपी गर्ल्स वटालियन-एनसीसी सागर मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में "स्वस्थ महिला, सशक्त भारत" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं अतिथि सत्कार के साथ हुआ। इसके उपरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने भारतीय स्त्रीशक्ति के आयाम, स्त्री-पुरूष समानता आयाम को दृष्टिगत करते हुए कहा कि "महिलाओं का सशक्तीकरण तभी सम्भव है जब वे स्वस्थ हों।" महिलाओं का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हमारे देश का भविष्य है। महिला हमारे समाज का आधार स्तंभ हैं। वे घर-परिवार की देखभाल करने वाली, शिक्षिका, और समाज की सशक्त स्त्री हैं।



जब महिलाएं स्वस्थ होती हैं, तभी उनका परिवार, समाज और देश उन्नति की ओर बढ़ते हैं। एक स्वस्थ महिला ही अपने परिवार, समाज और देश का विकास कर सकती है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में मुख्य अतिथि की आसंदी से 7 एमपी गर्ल्स वटालियन एनसीसी, सागर की मेजर प्रतिभा तिवारी ने कहा कि मानव जीवन में स्वास्थ्य का बहुत महत्व है। विशेषकर महिलाओं का स्वास्थ्य, हमारे समाज और देश के विकास की आधारशिला है। एक स्वस्थ महिला ही अपने परिवार का नेतृत्व कर सकती है, अपने बच्चों को सही मार्ग दिखा सकती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में चिकित्सा अधिकारी की आसंदी से स्त्रीरोग विशेषज्ञ, सागर की डॉ ज्योति चैहान ने कहा कि भारत में बहुत सी महिलाएं स्वास्थ संबंधी समस्याओं से जूझ रही हैं। इनमें मुख्य रूप से अनियंत्रित मासिक धर्म, गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताएँ, स्तन कैंसर, योनि संक्रमण जैसी बीमारियाँ शामिल हैं। इन समस्याओं का समय पर निदान और उपचार आवश्यक है। हमें चाहिए कि महिलाएं नियमित स्वास्थ्य जांच कराएँ, सही खानपान और स्वच्छता का ध्यान रखें। सभी महिलाएं स्वयं भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और समाज भी उनका समर्थन करे। इस अवसर पर कार्यक्रम का आभार ज्ञापन फैषन विभाग की विभाग अध्यक्ष शैलबाला बैरागी द्वारा किया गया।

इस आवसर पर सुबेदार मेजर सतीश कुमार, सीपीके राय, एएनओ अर्चना पाण्डेय, एएनओ नेहा जैन, सुश्री नंदिनी शर्मा, सुश्री उर्मिला एवं एनसीसी केडिटस की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।



## स्कूल में हुई चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा सेवा पखवाड़े के तहत शा.क.उ.मा. विद्यालय में छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली और चित्रकला का प्रदर्शन किया। मेरा स्वच्छ परिवार एवं स्वस्थ्य परिवार विषय मेहंदी रंगोली चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजित की गई ।इसके अंतर्गत स्कूल विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली और चित्रकला का प्रदर्शन उनकी रचनात्मकता को उजागर करता है। स्वच्छता और समाज सेवा के प्रति जागरूकता का भी प्रतीक है। यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी कला के माध्यम से सामाजिक संदेश देने का अवसर देता है और उनके भीतर जिम्मेदारी और सृजनात्मकता की भावना को बढ़ावा देता है। बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े विषयों पर रंगोली और चित्र बनाए,जिनमें स्वच्छ भारत पर्यावरण संरक्षण, और सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार जैसी थीम्स शामिल थी ।छात्राओं ने अपनी चित्रकला के साथ रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस दौरान विद्यार्थी स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया।इस अवसर पर प्राचार्य हरिशंकर सोनी, महिला बाल विकास सुपरवाइजर राजेश्वरी चौबे, नगर पालिका से हेमलता चौबे,ज्योति तिवारी एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## खैराना स्कूल मे पौधरोपण किया गया



**रहली।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत वनरक्षक नाका खैराना एवं शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला खैराना में 0.250 हेक्टेयर भूमि की फेंसिंग करने के उपरांत 80 फलदार पौधों का पौधारोपण का कार्य किया गया। जिसमें आवला अमरूद बहेड़ा अनार खमेर आदि पौधों का रोपण किया गया, मौके पर मुरारी लोधी सरपंच खैराना, मूरत सिंह लोधी वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष खैराना, वृजेन्द्र चौबे शिक्षक, मनोज तिवारी प्रधानाचार्य माध्यमिक शाला खैराना, रामाधार सिंह ठाकुर प्रधानाचार्य प्राथमिक शाला खैराना, विष्णु चौबे फड़ मुंशी खैराना, इमरत कुर्मी फड़ मुंशी कैलवास, वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरझामर दीपांकर सिंह, वीटगॉर्ड खैराना आशीष गुप्ता, वीट सहायक देवेंद्र कुर्मी खैराना, ग्रामीण, सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

# सभी छात्रावासों में उड़ान योजना के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं का दें मार्गदर्शनः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सभी छात्रावासों में उड़ान योजना के माध्यम से डॉक्टर, इजीनियर सहित प्रतियोगी परीक्षाओं का दें मार्गदर्शन एवं छात्रावासों में किचन गार्डन करने तैयार, पौष्टिक भोजन के लिए रंगीन रोटी एवं मुनगा का करें प्रयोग उक्त निर्देश कलेक्टर ने जैसीनगर के बालक एवं कन्या अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रावासों के निरीक्षण के दौरान दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, एसडीएम रोहित वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी छात्रावासों में विद्यालय समय के पश्चात सभी अधिकारी उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को डॉक्टर, इजीनियर सहित अन्य प्रतियागी परीक्षाओं के संबंध में मार्गदर्शन देने की व्यवस्था करें एवं उनको सभी प्रतियागी परीक्षाओं की सामग्री, नोट्स उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के माध्यम से सभी वरिष्ठ अधिकारियों, डॉक्टर, इंजीनियर को छात्रावासों में आमंत्रित करें एवं मार्गदर्शन दिलाएं। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में पौष्टिक खाना उपलब्ध हो इसके लिए विद्यार्थियों की मदद से किचन गार्डन तैयार कराएं जिसमें पालक, लौकी, मुनगा, धनिया, गिल्की सहित अन्य पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन करें और इसी का उपयोग कर पौष्टिक भोजन तैयार कराएं। उन्होंने कहा कि रंगीन रोटी भी उपलब्ध कराएं जिसमें चुकंदर, पालक का उपयोग हो। उन्होंने सभी छात्रावासों की रंगीई पुताई के साथ विशेष साफ-सफाई भी कराने के निर्देश दिए।

## महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थापना रैली की तैयारी बैठक हुई



**सागर।** बंडा में 23 सितम्बर को क्षत्रिय महासभा जिला सागर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 29 सिंतबर को सागर शहर में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु रैली के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसको लेकर समाज के सभी सम्मानीय जनों को बैठक में आमंत्रित किया। इस अवसर पर में क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जन, गणमान्य नागरिक और युवा साथी उपस्थित रहे। 29 सितम्बर को रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय पंहुचेगी।



## ईसीसीई आकलन के लिए बाल मेला का आयोजन

**रहली।** सांदीपनि विद्यालय रहली में शासन के आदेशानुसार प्री प्राइमरी के छात्रों का बच्चों के सीखने के स्तर का गतिविधि आधारित आकलन अभिभावकों के समक्ष किया गया। इस प्रक्रिया हेतु 6 स्टॉल लगाये गए जिनमे स्थूल गत्यात्मक कौशल, सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल, संज्ञानात्मक विकास और संख्या पूर्व कौशल,भाषा विकास एवं आरंभिक साक्षरता, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास रचनात्मक एवं सौन्दर्य बोध आदि का आकलन गतिविधियों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नीरज नेमा ने बताया कि ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा) आकलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास का मापन करना, व्यक्तिगत और समूह स्तर पर उनकी प्रगति को समझना, तथा सीखने के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार करना है। यह शिक्षकों को बच्चों की व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार शिक्षण प्रदान करने और बच्चों के लिए एक सुरक्षित, पोषणकारी और प्रेरक वातावरण सुनिश्चित करने में मदद करता है। कार्यक्रम में प्राचार्य दिलीप चौबे व माध्यमिक शाला प्रभारी संजय खरे ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्राचार्य चौबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शालेय प्रक्रियाओं में अभिभावकों का साथ बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम को शिक्षक संजय खरे ने भी सम्बोधित किया। बी आर सी आर डी अहिरवार व बी ए सी कमल जैन ने निरीक्षण कर गतिविधियाँ देखी तथा अभिभावकों व छात्रों से कार्यक्रम के सम्बन्ध में चर्चा की। शिक्षिका सरोजिनी अग्निहोत्री, रेखा साहू, आकांक्षा विश्वकर्मा, सौरभ पटेल, शालिनी दुबे ने बच्चों की गतिविधियों को संपन्न कराया। अभिभावकों ने स्कूल के संचालन व गतिविधियों के बारे में अपना फीडबैक दिया।

**छात्रों का हंगामाः रहली शासकीय महाविद्यालय में परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी का आरोप**

# रहली कॉलेज में फास्ट ईयर के छात्र छात्राओं का रिजल्ट जीरो आने पर किया हंगामा, दिया एसडीएम को ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय महाविद्यालय रहली में बीए और बीएससी फर्स्ट ईयर के छात्रों के परीक्षा परिणामों में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए, सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने आज एसडीएम कार्यालय में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने 'कुलपति मुर्दाबाद' के नारे लगाए और एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इस मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

छात्र नेता हर्ष चौरसिया ने बताया कि हाल ही में आए बीए और बीएससी फर्स्ट ईयर के परिणामों में 400 से ज़्यादा छात्रों को 'शून्य' अंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अकल्पनीय है कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने



कुछ भी न लिखा हो। चौरसिया ने कहा, यह एक बड़ी गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। यह संभव ही नहीं है कि सैकड़ों छात्रों को एक साथ शून्य अंक मिलें। यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसकी तुरंत जांच होनी चाहिए।प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि यह लापरवाही या तो मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई है या फिर तकनीकी खामी है, जिसकी वजह से उनके सालों की मेहनत बर्बाद हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द से जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और उनके परिणाम संशोधित नहीं किए गए, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

एसडीएम ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि उनके ज्ञापन को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और इस मामले की गंभीरता से जांच करवाई जाएगी। इस घटना ने शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

करमासन हटा में हितग्राहियों के घर देखे, बच्चों से की पढ़ाई पर बातचीत

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों का सपना किया साकार: राज्यपाल मंगुभाई पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंगलवार को जिले के ग्राम करमासन हटा का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने घरों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हरकुंवर आदिवासी और प्रभु दयाल सौंर के घर पहुँचकर उनके परिवारों से बातचीत की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के पक्के घर का सपना पूरा किया है। इस योजना से न सिर्फ मकान बने हैं बल्कि गरीब परिवारों और उनके बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित हुआ है। उन्होंने हितग्राहियों से शासन की अन्य योजनाओं से हो रहे लाभ की जानकारी ली और छोटे बच्चों से पढ़ाई के विषय में चर्चा करते हुए उपहार भी भेंट किए।

### मेरे सपने को हकीकत में बदला पीएम आवास योजना ने

पीएम आवास योजना की हितग्राही हरकुंवर आदिवासी ने बताया कि पहले वह कच्ची झोपड़ी में रहती थीं, जहाँ हर मौसम में परेशानी झेलनी पड़ती थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाना सिर्फ एक सपना मात्र था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमारे सपने को हकीकत में बदल दिया। उन्होंने कहा कि अब उनके बच्चे सुरक्षित और बेहतर माहौल में रह पाएंगे। शासन की योजनाओं से उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। राज्यपाल कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, अन्य जनप्रतिनिधियो सहित सागर संभागायुक्त अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



## सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता कर रही है: राज्यपाल



संवाद के दौरान राज्यपाल ने वर्तमान सरकार की योजनाओं को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा प्रधानमंत्री न तो अतीत में देखा गया और न भविष्य में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमने अतीत का दौर भी देखा है और वर्तमान का अनुभव भी कर रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी का नेतृत्व अभूतपूर्व है। इस अवसर पर जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, पूर्व विधायक राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, कलेक्टर विवेक श्रोतिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई और सागर आईजी हिमानी खन्ना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### दो इंजन में से एक में नहीं आ रहे थे सिग्नल

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए बताया कि राज्यपाल जिस हेलिकॉप्टर से आए थे, वह दो इंजन वाला था। वापसी के दौरान एक इंजन में सिग्नल की समस्या आने से उड़ान बाधित हुई। तकनीकी स्टाफ ने मौके पर खामी दुरुस्त की, जिसके बाद ही उड़ान संभव हो पाई। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों का पूरा अमला मौजूद रहा। वीडियो में हेलिकॉप्टर क्रू मेंबर को रोटर के पास खटखटाते और निरीक्षण करते देखा गया।

## तकनीकी खराबी का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर, कार में बैठकर किया इंतजार

प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल मंगलवार को जिस हेलिकॉप्टर से टीकमगढ़ पहुंचे, वह हेलीकाप्टर वापसी के समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया, जिसके चलते हेलीकाप्टर आधे घंटे तक उड़ान नहीं भर सका। राज्यपाल पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार हेलिकॉप्टर में सवार हो चुके थे, लेकिन दो-तीन प्रयासों के बाद भी हेलीकाप्टर का उड़ान भरना संभव नहीं हो सका। इसके बाद राज्यपाल वापस आकर अपनी कार में बैठ गए। तकनीकी दल ने लगभग तीस मिनट तक प्रयास कर खामी को दूर किया, जिसके बाद हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी और राज्यपाल भोपाल के लिए रवाना हुए।

### कर्मासन हटा में संवाद, बुंदेली व्यंजनों का अवलोकन, कुपोषितों को दी पोषण वास्केट

राज्यपाल का कार्यक्रम टीकमगढ़ से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कर्मासन हटा में था। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर अस्थायी हेलीपेड बनाया गया था। यहां राज्यपाल ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि साथी और आदि सहयोगियों से संवाद किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर महिलाओं ने साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से भेंट की और बुंदेली व्यंजनों का अवलोकन किया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को पोषण बास्केट वितरित की गईं। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का भी निरीक्षण किया और लाभार्थियों से बातचीत की।

बहादुर सिंह ने किया पलेरा में प्रवेश

## ओरछा रामराजा सरकार दर्शन के लिए 85 किमी की दंडवत यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

थाना क्षेत्र के टीला गांव के निवासी बहादुर सिंह लोधी ने रामराजा सरकार धाम ओरछा के दर्शन के लिए दंडवत यात्रा शुरू की है। युवक बहादुर सिंह लोधी ने दंडवत यात्रा करते हुए बीते मंगलवार की सुबह पलेरा नगर में प्रवेश किया। बताया गया है कि टीला गांव के रामसागर धाम से प्रारंभ की गई यात्रा 85 किलोमीटर की दूरी तय करके ओरछा स्थित श्री रामराजा सरकार मंदिर पहुंचेंगी। यात्रा के दौरान बहादुर सिंह लोधी के साथ गांव के करीब 10 लोग मौजूद रहे। युवक बहादुर सिंह दंडवत प्रणाम करते हुए यात्रा कर रहा है, जिसमें वह पूरे रास्ते लेटकर माथा टेकते हुए आगे बढ़ रहा है। स्थानीय नगर के नागरिकों ने जगह-जगह इस यात्रा का स्वागत किया एवं स्वल्पाहार भी कराया। स्थानीय लोगो ने युवक बहादुर सिंह की भक्ति देख आश्चर्य व्यक्त किया। लोगो का कहना है कि वर्तमान समय में भी इस तरह की कठिन यात्रा कर ईश्वर के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित करने के ऐसे उदाहरण बहुत ही कम देखने को मिलते है। क्योंकि दंडवत यात्रा में शरीर को बहुत कष्ट होता है लेकिन ईश्वर की भक्ति की ताकत की बजह से शारीरिक पीड़ा का अहसास नहीं होता।

### नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी देवी मंदिर में जुट रही भक्तों की भारी भीड़



**पलेरा।** नगर में नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। माता की चौकी, जगराता और गरबा जैसे आयोजन जहां भक्तों में उत्साह जगा रहे हैं, वहीं पलेरा नगर का प्रमुख बड़ी देवी मंदिर इस पर्व का प्रमुख केंद्र बना हैं। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी देवी जी हिंगलाज माता मंदिर में विशेष सजावट और अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई है। श्रद्धालु मानते हैं कि मां के मंदिरों का दर्शन करने से देवी मां की कृपा विशेष रूप से प्राप्त होती है। इसी क्रम में नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन नगर के वार्ड क्रमांक 7 की महिला पार्षद श्रीमती दीपा-मुकेश यादव के द्वारा हिंगलाज माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। नगर के विकास एवं सुख समृद्धि की कामना को लेकर देवी माता को चुनरी, सिंगार एवं त्रिशूल शस्त्र विधि विधान के साथ चढ़ाया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संझा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू, पार्षद गुलाब आदिवासी, भाजपा नेता हरसेवक राजपूत, पूर्व पार्षद अवध नापित, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा समेत नगर के तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवं गामान्य नागरिक इस आयोजन में शामिल रहे। नगर की प्रसिद्ध देवी हिंगलाज माता मंदिर का इतिहास आज भी पलेरा नगर की सांस्कृतिक धरोहर से गहराई से जुड़ा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जब-जब नगर पर कोई संकट आया, देवी मंदिर की आस्था ने लोगों को संबल दिया।

नजरबाग मैदान में होगा गरबा उत्सव

## शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ, विधि विधान से की गई घटस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शारदीय नवरात्रि का आगाज सोमवार को विधि-विधान से घटस्थापना के साथ हुआ। शुभ मुहूर्त में भक्तों ने मां दुर्गा का पूजन कर कलश स्थापित किए और देवी आराधना का शुभारंभ किया। कटरा बाजार में 40 सालों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार सागर से विशेष देवी प्रतिमा मंगवाई गई है। आयोजन समिति के अनुसार 1.70 लाख रुपए की लागत से झांसी की रानी के स्वरूप में प्रतिमा तैयार करवाई गई है, जिसे भक्तों के दर्शन के लिए सजाया गया है।

### काली मां और जगन्नाथ का दरबार

मिश्रा तिराहे पर अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जहां बीते 10 वर्षों से मां दुर्गा के साथ भगवान जगन्नाथ का दरबार सजाया जाता है। लुकमान चौराहे पर 40 वर्षों से काली मां का दरबार सजने की परंपरा कायम है। इस बार यहां 16 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है।

### नजरबाग मैदान में गरबा उत्सव

नजरबाग मैदान में विशेष दुर्गा पंडाल बनाया गया है, जहां नौ दिनों तक गरबा का आयोजन होगा। छोटी देवी मंदिर परिसर में नौ दिवसीय मेला प्रारंभ हो चुका है। वहीं भैरव बाबा मोहल्ला, ताल दरवाजा, दीक्षित मोहल्ला और हवेली रोड सहित अन्य स्थानों पर भी दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।



### सुरक्षा और स्वच्छता के इंतजाम

नवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की घोषणा की है। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि प्रमुख देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा और उत्सव में भाग ले सकें।



## नवरात्रि के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित एसपी का अभियान

**टीकमगढ़।** नवरात्रि के पावन पर्व पर जब सम्पूर्ण समाज शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की उपासना में संलग्न है, उसी भाव को आत्मसात करते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने अपने महिला सुरक्षा-स्वतंत्रता-सम्मान अभियान को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में पूर्व से संचालित इस अभियान के तहत जिले में नीड, परी, भरोसा, सहारा और आसरा नामक विशेष महिला पुलिस दल गठित किए गए हैं, जो क्रमवार अलग-अलग क्षेत्रों में पहुँचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में 22 सितम्बर को शहर से सटी गरीब बस्तियों में महिला परी दल ने 0 से 12 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चियाँ शामिल हुईं और आत्मरक्षा से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त कीं। बच्चियों को ह्लगुड टचह्नबैड टचह्व की अवधारणा को सहज उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया तथा आत्मबल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस दल ने यह भी स्पष्ट किया कि बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि नवरात्रि नारी शक्ति की आराधना का पर्व है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बेटियां भी माँ दुर्गा की भाँति साहस और आत्मबल से परिपूर्ण हों। उन्होंने कहा कि समाज तभी सशक्त बनेगा, जब हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होगी।

कलेक्टर अभियान की लगातार कर रहे हैं समीक्षा

## 9वें दिन नपा सीएमओ ओमपाल ने की सफाईकर्मियों व फोटोग्राफरों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वच्छता ही सेवा अभियान को जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करके अभियान को सफल बनाने के लिये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा अभियान का लगातार निर्देशन व पर्यवेक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय के पर्यवेक्षण में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा लगातार बैठके और चर्चा की जा रही है जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग उक्त अभियान में सहभागिता कर सके।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन को लेकर कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य नपा अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा नपा कार्यालय में बैठक की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन मे एक साथ कई स्थलों की सफाई की जानी है।जिसमें अधिक से अधिक लोगों को अभियान में जोड़ने के लिये तैयारी दिवस के 9वें दिन नगर पालिका कार्यालय में सभी सफाई हवालदार एवं सफाई कर्मी की एवं शहर के समस्त फोटोग्राफर वीडियोग्राफ़र से चर्चा की गई। जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाये जाने के लिये 25 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई साथ ही कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अभियान से जुड़ने की अपील भी की गई। इसके अलावा सीएमओ भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशाल स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली वीरांगना अवंती बाई लोधी कन्या महाविद्यालय से प्रारम्भ हुई और हॉस्पिटल चौराहे होते हुए पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। रैली मे कालेज की छात्राओं, नगर वासियों और नगर पालिका के कर्मचारियों ने भाग लिया।





उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम की सफलता और अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा शहर के समाजसेवियो, ठेकेदारों व बिभागीय अधिकारियो के साथ पूर्व में बैठक की जा चुकी है। जिसमें स्वच्छता अभियान की सफलता और भागीदारी को लेकर चर्चा की गई थी। बैठक में नगर के समाजसेवीजन, पुलिस विभाग अधिकारी, ठेकेदार, इंजीनीयर एशोसियेशन, खेल विभाग अधिकारी शामिल हुए थे।

### महिला की शिकायत पर सरपंच पर ज्यादती का मामला दर्ज हुआ

**विदिशा।** बंटी नगर निवासी एक महिल ने सिविल लाइन थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने हैदरगढ़ के धामनोद निवासी सरपंच कुबेर सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला ने अपने बयान में कहा है कि कुबेर सिंह लोधी ने उसके बेटे को इंदौर में काम पर लगाया था इसी बहाने वह घर आने जाने लगा और कई बार जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया। विरोध करने पर उसने बेटे को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि कुबेर सिंह के कारण उसने घर भी बदल लिया था। लेकिन वह घर पता कर वहां भी आ गया और धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। महिला मोहनगिरी में किराए से रहने लगी तो वह वहां भी पहुंच गया और रक्षा बंधन के दो दिन पहले भी गलत काम किया।

एक स्वर में मरीज के परिजनों व अस्पताल स्टॉफ ने ली स्वच्छता की शपथ

## स्वच्छ अस्पताल, स्वस्थ समाज, जिला चिकित्सालय में गूंजा स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला चिकित्सालय का माहौल मंगलवार को कुछ अलग ही था। सामान्य दिनों की तरह केवल इलाज और दवाइयों की चर्चा नहीं हुई, बल्कि इस बार विषय था, स्वच्छता। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मरीजों के परिजनों और अस्पताल स्टाफ ने एक स्वर में शपथ ली कि अब अस्पताल का हर कोना साफ-सुथरा रहेगा और गंदगी फैलाने वालों को समाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में लोगों को समझाया गया कि अस्पताल सिर्फ इलाज की जगह नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का मंदिर है। अगर मंदिर को स्वच्छ रखना जरूरी है तो अस्पताल को साफ रखना तो और भी अनिवार्य है।

### गुटखा का सेवन बना सबसे बड़ा अपराध

शपथ के दौरान यह बात जोर देकर कही गई कि अस्पताल परिसर में सबसे ज्यादा गंदगी गुटखा खाने और थूकने से होती है। सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू ने साफ शब्दों में कहा कि अब अस्पताल में गुटखा नहीं चलेगा। उन्होंने लोगों को चेताया कि कोटपा कानून के तहत न सिर्फ जुर्माना बल्कि कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। इस कार्यवाही से बचने के लियें जिला अस्पताल में गुटखा व तम्बाकू का सेवन करने से बचना चाहिए।



### कूड़ेदान ही है कचरे का सही ठिकाना

मरीजों और उनके परिजनों से अपील की गई कि वे अस्पताल की सफाई व्यवस्था का हिस्सा बनें और कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालें। डॉक्टरों ने कहा कि साफ-सुथरा वातावरण ही संक्रमण से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। क्योंकि कूड़े से गंदगी फैलती है और गंदगी से संक्रमण फैलता है जो अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये नुकसान दायक होता है।

### अस्पताल में स्वच्छता कायम रखने सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर

इस अवसर पर डॉ. शालू जौहरी, डॉ. डी.एस. भदौरिया, मैटर्निटी प्रभारी सरोज, कंचन तिवारी, रागिनी पाठक, क्वालिटी मॉनिटर भारती सिंगरौली, नीतू साहू सहित नर्सिंग स्टाफ, सुपरवाइजर सद्दाम खान और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एकमत होकर कहा कि केवल सफाई कर्मियों पर ही जिम्मेदारी डालने से काम नहीं चलेगा, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि अस्पताल स्वच्छ रहे।

### स्वच्छता का संकल्प कागजो में सीमित न रहकर बने जन आंदोलन

अस्पताल में लिया गया यह संकल्प सिर्फ कागजों तक सीमित न होकर एक आंदोलन की तरह दिखा। शपथ लेने वालों के चेहरों पर साफ झलक रहा था कि अब स्वच्छता उनके लिए केवल आदत नहीं बल्कि सेवा का पर्याय बन चुकी है।

विजयपुर में खाद तो ढोढर क्षेत्र में बिजली न मिलने से आक्रोशित हुए किसान

# फिर फूटा किसानों का गुस्सा, विजयपुर में लगाया जाम,ढोढर में घेरा बिजलीघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रशासनिक तमाम कोशिशों के बाद भी जिले में खाद और बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुधर नहीं पा रही है। जिसकारण जिले के किसानों का गुस्सा आए दिन फूटकर सडक पर आ रहा है। मंगलवार को विजयपुर क्षेत्र के किसानों ने डीएपी खाद न मिलने से आक्रोशित होकर विजयपुर के क्वारी नदी पुल पर जाम लगा दिया। किसानों का यह जाम करीब दो घंटे तक लगा रहा। इससे क्वारी नदी पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री वाहनों में सवार सैकडो यात्री परेशान होते नजर आए। वहीं ढोढर क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के किसानों ने बिजली न मिलने से आक्रोशित होकर ढोढर स्थित बिजली घर का घेराव किया, लेकिन बिजली समस्या समाधान का संतोषप्रद आश्वासन नहीं मिला, इससे नाराज होकर किसानों ने ढोढर थाने में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर बुधवार को चक्काजाम करने का अल्टीमेटम दे दिया है।



### विजयपुर में खाद खत्म होने से भड़के किसान

विजयपुर क्षेत्र के किसान डीएपी न मिलने के कारण पहले भी पत्थरबाजी और क्वारी नदी पुल पर जाम लगा चुके है। इसके बाद प्रशासन ने पुलिस की मदद से टोकन बंटवाते हुए खाद वितरण केन्द्र से खाद का वितरण किसानों को शुरू करवाया। इसी क्रम में सोमवार को देर शाम तक किसानों को पुलिस की मौजूदगी में टोकन बांटने के बाद खाद का वितरण किया गया,लेकिन मंगलवार को खाद का स्टॉक खत्म हो गया। जिसकारण मंगलवार को खाद का वितरण नहीं किया गया,इससे नाराज हुए किसानों ने नारेबाजी करते हुए विजयपुर की क्वारी नदी पुल पर पहुंचकर जाम लगा दिया। इससे मुरैना शिवपुरी मार्ग अवरूद्ध हो गया। करीब 8 बजे से शुरू हुआ यह जाम करीब दो घंटे तक लगा रहा। जाम सूचना मिलने पर एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर,तहसीलदार अमिता सिंह तोमर, विजयपुर टीआई राकेश शर्मा तथा पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने आक्रोशित किसानों को आश्वासन दिया कि फिलहाल खाद खत्म हो गया, अब जब भी बंटने के लिए खाद विजयपुर आएगा तो उन्हें इसकी सूचना पहले दे दी जाएगी और पुलिस की सुरक्षा में खाद का वितरण करवाया जाएगा। एसडीओपी तोमर ने बताया कि हमारे द्वारा दिए गए आश्वासन पर जाम लगाए बैठे किसान मान गए।



### ढोढर में बिजली घर के घेराव के बाद चक्काजाम का अल्टीमेटम

ढोढर सहित आसपास के गांवों बगदरी,बगदिया,हांसिलपुर, खिरखिरी, बिलौनी के किसान इन दिनों बिजली समस्या से बुरी तरह परेशान बने हुए है। बिजली न मिलने से किसानों की धान की फसल प्रभावित हो रही है। ऐसे में परेशान बने क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को बडी संख्या में एकत्रित होकर बिजली समस्या का समाधान किए जाने के लिए ढोढर बिजलीघर का घेराव किया और उनकी फसल को बचाने के लिए बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार की मांग बुलंद की। लेकिन बिजली घर में मौजूद अधिकारियों ने किसानों को बिजली समस्या के समाधान को लेकर कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया। इससे नाराज किसानों का आक्रोश और भडक गया। इसके बाद किसानो ने ढोढर थाने पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौपते हुए यह अल्टीमेटम भी दे दिया कि हमारी बिजली समस्या शाम तक नहीं सुधरी तो 24 सितंबर बुधवार को हांसिलपुर फाटक पर चक्काजाम किया जाएगा। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि क्षेत्र के किसानों ने बिजली समस्या को लेकर एक ज्ञापन दिया गया है,जिसे एसडीएम श्योपुर की तरफ भेज दिया है।

जनसुनवाई में दो हितग्राहियों की हुई ई-केवायसी, मिलेगा खाद्यान्न का लाभ

# जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे आठ अधिकारियों को कलेक्टर ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 8 विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित रहे 8 अधिकारियों को एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने जनसुनवाई में 188 लोगों की समस्याए सुनते हुए उनका समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ई-केवायसी के कारण खाद्यान्न मिलने से वंचित दो हितग्राहियों की मौके पर ही ई-केवायसी कराई गई, जिससे अब दोनो हितग्राहियों को पात्रतानुसर खाद्यान क लाभ प्राप्त होगा। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के बडौदा के वार्ड 08 निवासी दिव्यांग बालिका अफसाना के पात्रतानुसार खाद्यान नही मिलने संबंधी आवेदन का तत्काल निराकरण करते हुए, फूड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ई-केवायसी कराई जाये, जिससे बालिका को हर माह खाद्यान मिलना सुनिश्चित होगा। इसी प्रकार ग्राम बर्धाखुर्द निवासी रघुवीर आदिवासी की भी खाद्यान संबंधी समस्या की ई-केवायसी की प्रक्रिया कराई गई। खाद्यान नही मिलने संबंधी मामले के परीक्षण उपरांत पाया गया कि हितग्राही द्वारा पिछले 6 माह से गांव में निवास नही करने के चलते खाद्यान प्राप्त नही किया गया, इस कारण खाद्यान मिलना बंद हो गया था। इन हितग्राहियों की कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान ई-केवायसी कराई गई। इसी तरह कलेक्टर ने ग्राम कालूखेडली निवासी सियाराम बैरवा के आवास की मांग संबंधी आवेदन का तत्काल ही मौके पर निराकरण किया गया। परियोजना अधिकारी सारिका पाटीदार ने आवेदन के परीक्षण उपरांत अवगत कराया किया आवास 2.0 सर्वे पोर्टल पर नाम जोडा दिया गया है, शीघ्र ही आवास का लाभ प्राप्त होगा।



### इन अधिकारियों को दिया नोटिस

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे जिन 08 अधिकारियों को एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। उनमें प्राचार्य महाविद्यालय श्योपुर, जिला शिक्षा अधिकारी, एजीएम एमपीआरडीसी, ईई डब्ल्यूआरडी, ईई पीडब्ल्यूडी, एसडीओ हाउसिंग बोर्ड, सचिव कृषि उपज मंडी, सिविल सर्जन एवं जीएम पीएमजीएसवाय शामिल है। को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

# सांदीपनि विद्यालय में मैं हूं अभिमन्यु कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस विभाग द्वारा मै हू अभिमन्यु अभियान का तीसरा चरण शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत थाना स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार को श्योपुर में इसका शुभारंभ पुलिस विभाग ने सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के साथ किया। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध एवं पोस्टर बनाये गये। इस कार्यक्रम में एसडीओपी राजीव गुप्ता, महिला थाना प्रभारी अनुराधा सिंह, प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल आदि उपस्थित थे। महिला सशिक्तकरण विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 7 की कृष्णा शर्मा प्रथम, कक्षा 12 की निशा सेन द्वितीय एवं कक्षा 8 की मालती जाटव तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता में कक्षा 7 की प्राची बैरवा ने प्रथम, कक्षा 7 की राधिका प्रजापित ने द्वितीय एवं कक्षा 12 की राधा मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 9 की रूचि शर्मा ने प्रथम, कक्षा 10 की वैशाली पारेता द्वितीय एवं कक्षा 12 की पारूल योगी तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों का पुरस्कार प्रदान किये गये।



# 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कोतवाली थाना पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर जैदा मंडी बायपास रोड क्षेत्र से शानू हुसैन निवासी वार्ड क्रमांक 10 नागदा रोड श्योपुर को दबोचा है। उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इस शराब को वह अवैध रूप से खफाने के लिए लेकर जा रहा था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है

# मिटिगेशन नियमों के अनुसार हो अंडरपास निर्माणः कलेक्टर




श्योपुर।नेशलन हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कूनो नेशनल पार्क में बनाये जा रहे 13 अंडरपास में मिटिगेशन नियमों का ध्यान रखें। अंडरपास निर्माण के लिए वन विभाग से समन्वय कर बदलाव का प्रस्ताव भेजा जायें। इतना ही नहीं, नाला निर्माण संबंधी शिकायतों की जांच कर निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित एनएच अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। इस अवसर पर डीएफओ कूनो आर थिरूकुरल, ईई एनएच पवन प्रजापति, एसडीओ एनएच विजय अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि वन विभाग द्वारा वन्यजीवों के सुरक्षित विचरण के लिए 10.47 किलोमीटर का प्रस्ताव तैयार किया गया है, एनएच अधिकारी इसके अनुरूप प्रस्ताव भेजा जाना सुनिश्चित करें। कूनो नेशनल पार्क में बनने वाले अंडरपास को लेकर उन्होने निर्देशित किया कि निर्माण के दौरान वन्यजीव एवं संरक्षित या आरक्षित वनो के क्षेत्रो में उपयुक्त अंडरपास की गाइडलाइन का ध्यान रखे। उल्लेखनीय है कि कर्राई से श्यामपुर मार्ग में 32.7 किलोमीटर एरिया कूनो वाइल्डलाइफ का शामिल है। इस एरिये से एनएच रोड निर्माण के लिए बनाई गई डीपीआर में 13 स्थानों पर अंडरपास बनाये जाने का प्रावधान किया है। उन्होने कहा कि विभागीय अधिकारी वाइल्डलाइफ विभाग से समन्वय कर उनके अनुसार अंडरपास एवं फ्लाईओवर में बदलाव करते हुए प्रस्ताव में संशोधन करायें। कलेक्टर ने कहा कि नेशनल हाईवे-552 पर रिफलेक्टर पेंट एवं कैटआई का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जायें, इसके साथ ही एनएच के अधिकारियो को निर्देशित किया कि वे नाला निर्माण में आ रही समस्याओं का गंभीरतापूर्वक निराकरण कर निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखे।

# हमारे सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए यातायात नियम,इनका पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य

**सेवा पखवाडा अंतर्गत उत्कृष्ट स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यशाला आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

सेवा पखवाडा के तहत श्योपुर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, एसडीओपी राजीव गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सचिव रेडक्रॉस सोसायटी दिनेश दुबोलिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, गणेश शर्मा, वीके सक्सैना, प्राचार्य सीताराम आदिवासी, मनीष शर्मा, यातायात सूबेदार अनिल बाथम, विद्यालय की ओर से जेपी जाटव, लेखराज नागर, प्रमोद गुप्ता, इस्तयाक कुरैशी,कोमल कपोलिया, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

कार्यशाला में वक्ताओं ने उपस्थित विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियम हमारे सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए हैं। इनका पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है, क्योंकि नियम तोड़ने से न केवल स्वयं को नुकसान होता है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। सड़क पर वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करना, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करना, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाना आवश्यक है। यदि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करेंगे तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी और समाज में अनुशासन व सुरक्षा बनी रहेगी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं यातायात के नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुशील दुबे एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य सीताराम आदिवासी ने व्यक्त किया।




# चोरी के मामले में फरार पांच हजार का इनामी बड़ौदा पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चोरी के एक मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी चोर को बडौदा थाना पुलिस ने दबोच लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि पांच हजार का इनामी आरोपी महावीर उर्फ वीरा मोगिया पुत्र रामदयाल मोगिया निवासी करीरिया थाना किशनगंज जिला बारां राजस्थान गत 26 अप्रैल की रात्रि के दौरान ग्राम मकडावदाकलां निवासी राधेश्याम बैरवा के घर में हुई चोरी के मामले में आरोपी है। हालांकि इस मामले में शामिल दो आरोपी पहले ही पकडे जा चुके है। लेकिन महावीर फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्योपुर के द्वारा पांच हजार का इनाम घोषित किया गया। मंगलवार को पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुखबिर की एक सटीक सूचना पर दबिश देकर आरोपी महावीर को राजस्थान से दबोचा गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया गया।



सप्ताह भर पहले आंदोलन के बाद नपाध्यक्ष ने दिया था 8 दिवस में वेतन दिलाने का आश्वासन

# 3 माह से बकाया था वेतन, आंदोलन के बाद एक माह का मिला, कर्मचारी बोले बैंक ही कर लेगी जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत सप्ताह भर पूर्व नपा कर्मचारियों द्वारा वेतन को लेकर किए गए आंदोलन का सकारात्मक परिणाम मंगलवार को तब देखने को मिला जब नगर पालिका ने कर्मचारियों के खातों में एक-एक माह का वेतन डाल दिया। हालांकि वेतन मिलने से कर्मचारियों को खुशी का माहौल निर्मित होना चाहिए था लेकिन ऐसा दिखाई नहीं दिया। कर्मचारियों का कहना है कि एक माह का वेतन उनके लिए ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित होगा क्योंकि अधिकतर कर्मचारियों ने निजी कामों के लिए पर्सनल लोन बैंकों से लिया हुआ है और संबंधित बैंक में तीन से चार माह की किस्त बकाया चल रही है। इसलिए बैंक तीन से चार महीने की किश्त वेतन से काट रही है जिसके चलते वेतन मिलने के बाद भी कर्मचारियों की जेब खाली ही रहने वाली है।

बीते सप्ताह वेतन दिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ नपा कार्यालय पर नपा कर्मचारियों जिनमें अधिकतर सफाईकर्मी ही थे ने वेतन दिलाए जाने को लेकर धरना दिया था। कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें विगत 3 साल से नियमित वेतन नहीं दिया है। इस समस्या को दूर करने के लिए कर्मचारी गाहे बगाहे आवाज उठाते ही रहते हैं लेकिन उनकी यह आवाज नक्कारखाने में तूती की तरह दब कर रह जाती रही है। तब कर्मचारियों ने तत्काल वेतन देने की मांग करते हुए चेतावनी दी थी कि वेतन नहीं मिला तो वे हड़ताल कर देंगे। चूंकि आंदोलन करने वाले कर्मचारियों में 90 फीसद सफाई कर्मचारी थे और त्यौहार के सीजन में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से घबराहट फैलना लाज़मी था लिहाजा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग ने नपाध्यक्ष की ओर से एक सप्ताह में वेतन खाते में डालने का आश्वासन दिया जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल का निर्णय तो स्थगित कर दिया लेकिन वेतन नहीं मिलने पर कांग्रेस ने कर्मचारियों के साथ सड़क पर बैठकर आंदोलन करने, सफाई बंद करने की चेतावनी जरूर दे डाली। इसके बाद मंगलवार को कर्मचारियों के खातों में एक एक माह का वेतन डाल दिया गया। तीन माह के बजाए एक माह का वेतन खाते में डालने से कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है।




### टीटी पर आश्रित रहने से बिगड़े हालात

नगरपालिका में फंड की समस्या परिषद के उन जिम्मेदार नेताओं की वजह से निर्मित हुई है जो नगर पालिका को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय हमेशा सरकारी मदद पर आश्रित कर दिया। दूर असल नगर पालिका को चुगी क्षतिपूर्ति (टीटी) के रूप में हर माह करीब 73 लाख रुपए आती है। ओर इसी से वेतन वितरण होता है। कर्मचारियों को करीव 80 लाख रुपाए वेतन बांटा जाता है। नपा करीब 7 लाख रुपए टीटी में मिलाकर वेतन वितरण करती रही है। पर कुछ सालों से टीटी में भारी कटौती हो रही है नपा को करीब 25 से 30 लाख रुपए ही टीटी के रूप में मिल रहे हैं। जिस तरह शहर के भीतर व्यवसाय बड़ा है उसे टीटी की राशि बढ़ाना चाहिए थी यानी हर माह 90 लाख से एक करोड़ रूपया टीटी का नगर पालिका को मिलना चाहिए लेकिन मिल सिर्फ 25 से 30 लाख रुपए। यही बात बड़ी परेशानी का कारण है। जानकारों का कहना है कि टीटी का बढ़ने के बजाए उल्टे घटना परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही का कारण है। टीटी कम क्यों आ रही है और समय पर क्यों नहीं आ रही है इस बाबत विभाग में भोपाल पहुंच कर जानकारी तक नहीं ले रहे हैं जबकि टीटी नपा का अधिकार है भीख नहीं। सूत्रों की माने तो नगर पालिका की फिजूल खर्ची और बकाया वसूली नहीं होने की वजह से सरकार ने टीटी में कटौती की है नगर पालिका अपनी बकाया वसूली को समाप्त व कम बताकर टीटी में बढ़ोतरी करवा सकती है और टीटी की बकाया राशि जो करोड़ों में है वह सरकार से मांग सकती है।

### इनका कहना है...

कर्मचारियों का तीन माह का वेतन पहले से ही बकाया था और इस माह के खत्म होने में भी कुछ ही दिन बचे हैं यानी चार माह के वेतन के बजाय सिर्फ एक माह का वेतन दिया गया है सफाई कर्मचारी गरीब हैं जो अपने बच्चों की शादी करने इलाज करने के लिए बैंक से पर्सनल लोन लेकर काम चलाते हैं वेतन मिलने पर बैंक उसमें से किस्त काट लेती है लेकिन अब जो वेतन मिला है उसेमें से चार माह की किस्त काटी जाएगी यानी वेतन मिलने के बाद भी कर्मचारी के पास 1 रुपया बचने वाला नहीं है।

**विजय धूलिया**
**जिलाध्यक्ष सफाई कामगार यूनियन**

सभी कर्मचारियों के खातों में मंगलवार को एक माह का वेतन डाल दिया गया है दो-चार दिनों में टीटी आ जाएगी और बकाया वसूली से भी पैसा आना है पैसा आते ही बकाया वेतन भी डाल दिया जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### खास खास


| | |
|---|---|
| परमानेंट कर्मचारी | 125 |
| संविदा कर्मचारी | 300 |
| स्थाई कर्मचारी | 25 |
| दैनिक वेतन भोगी | 10 |
| आउटसोर्स कर्मचारी | 60 |

# सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों की लगी पॉलीटेक्निक कॉलेज में क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विद्यार्थियों का रुझान व्यवसायिक शिक्षा की ओर बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों को न सिर्फ पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण कराया गया बल्कि उनकी बाकायदा कॉलेज में क्लास भी लगाई गई। इस नए अनुभव ने विद्यार्थियों में आईटीआई के प्रति रुचि बढ़ाने का काम किया। विद्यालय प्रबंधन ने यह छात्र छात्राओं का यह विजित चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित करवाया।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान बढ़ता है और वे भविष्य की पढ़ाई एवं करियर के लिए और अधिक तैयार होते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी पढ़ाई को आत्मनिर्भर बनाने का अधिक समावेश रखा गया है। बच्चे जब कॉलेज से पढ़ाई पूरी कर निकलें तो वे डिग्री लेकर नौकरी मांगने वाले न बने बल्कि नौकरी बांटने वाले बने। इस अवधारणा को फ़लीभूत कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा आईटीआई पर अधिक जोर दे रहे हैं ताकि बच्चे स्कूल शिक्षा के साथ ही आत्मनिर्भर बन सकें। इसी को ध्यान में रखते हुए सेवा पखवाड़ा के क्रम में मंगलवार को विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज श्योपुर में कराया गया। व्यावसायिक शिक्षा में कक्षा 9 10, 11 एवं 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहे इस दौरान कॉलेज के स्टाफ द्वारा उनको स्किल के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ा जा सकता है सिखाया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में चलने वाली गतिविधियों व औद्योगिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर का अध्ययन किया भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षक राघवेंद्र तिवारी एवं शुभम शर्मा उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायत चमारी का नाम परिवर्तित करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बीना।** अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ एवं अहिरवार समाज संघ भारत के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर विधानसभा में आने वाले ग्राम चमारी का नाम एवं निवोदा नई बस्ती हरिजन टोला का नाम परिवर्तन करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि बीना विधानसभा क्रमांक 35 के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जो एक विधानसभा निर्वाचन का मतदान क्रमांक 26 है, उक्त पंचायत में अन्य गांव सम्मिलित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चमारी शब्द एवं हरिजन टोला शब्द असंवैधानिक है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट द्वारा कई बार इस प्रकार के शब्दों पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि जब हबीबगंज स्टेशन का नाम रानी कमलापति हो सकता है। इलाहाबाद का नाम प्रयागराज हो सकता है तो चमारी गांव एवं निवोदा नई बस्ती हरिजन टोला का नाम परिवर्तित क्यों नहीं हो सकता। इस प्रकार के शब्दों से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की भावनाओं को आहत करती हैं। इसलिए ग्राम चमारी एवं निवोदा हरिजन टोला का नाम परिवर्तित करने शीघ्र कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में एससी एसटी परिसंघ के प्रदेश सचिव दशरथ अहिरवार, रामबाबू अहिरवार, रतिराम, हल्केराम, सुरेंद्र ठेकेदार, सीताराम, बाबूलाल, महेंद्र, वीरेंद्र राजोरिया आदि शामिल रहे।

### बीना स्टेशन पर रनिंग रूम, बुकिंग काउंटर व खानपान स्टॉल का किया निरीक्षण

# जीएम ने संरक्षा व विकास कार्यों सहित बीना स्टेशन का किया निरीक्षण

**बीना-आगासौद रेलखंड के तीसरी रेल लाइन परियोजना से यात्री एवं गुड्स ट्रेनों का आवागमन होगा सुगम**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने सोमवार को डीआरएम पंकज त्यागी एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीना-आगासौद रेलखंड के तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत बीना यार्ड रिमॉडलिंग के तकनीकी कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। इस जटिल नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का निष्पादन यात्री ट्रेनों के संरक्षा व सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए करने के लिए इंजीनियरिंग, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

जीएम बंदोपाध्याय ने पमरे मुख्यालय के प्रमुख अधिकारियों सहित मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीना-आगासौद रेलखंड के रेल पथ, ओएचई, ब्रिजों, लेवल क्रॉसिंग एवं सिग्नल प्रणाली का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा बीना-आगासौद-बीना मालखेडी-महादेवखेडी रेलखंड पर संरक्षा पहलुओं का निरीक्षण किया। जीएम ने निरीक्षण के दौरान रेल अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सिग्नलिंग प्रणाली, परिचालन में संरक्षा अन्य अधोसंरचना कार्यों को जांचा।

इसके अतिरिक्त बीना स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया की सफाई व्यवस्था, लोको पायलट व गार्ड संयुक्त क्रू लाबी, रनिंग रूम, बुकिग काउंटर, पे एंड यूज यात्री शौचालय, प्लेट्फ़ॉर्म पर खानपान स्टाल, आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की कार्यशीलता की जांच एवं स्टेशन पुनर्विकास योजना की समीक्षा की। इस दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने जीएम से मुलाकात कर यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निरीक्षण उपरांत उन्होंने बीना स्टेशन पर मीडिया कर्मियों के साथ प्रेस-वार्ता कर बीना स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य एवं अधोसंरचना से संबंधित कार्यों की जानकारी साझा की। साथ ही व्यापारियों एवं यूनियन पदाधिकारियों से समस्याओं पर चर्चा कर यथासंभव निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय सहित मुख्यालय व मंडल के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 25 नवंबर से 8 जनवरी तक नहीं चलेगी

## झांसी स्टेशन पर कार्य के चलते भोपाल मंडल होकर जाने वाली कुछ ट्रेनें रहेगी रद्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल पर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर वॉशेबल एप्रन को हटाकर नई गिट्टी रहित पटरी बिछाने का काम किया जाएगा। इस काम की वजह से 25 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त की जाने वाली ट्रेनें- जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 64618 ललितपुर-बीना मेमू 25 नवंबर से 8 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 64617 बीना-ललितपुर मेमू 25 नवंबर से 8 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 5073 बेंगलुरु सिटी-लालकुआं, (साप्ताहिक मंगलवार) 2 दिसंबर से 6 जनवरी, ट्रेन नंबर 05074 लालकुआं-बेंगलुरु सिटी, (साप्ताहिक शनिवार), 29 नवंबर से 3 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 07363 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश, (साप्ताहिक सोमवार), 24 नवंबर से 5 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 07364 योग नगरी ऋषिकेश-हुबली, (साप्ताहिक गुरुवार) 27 नवंबर से 8 जनवरी तक रद्द रहेगी।

इसी तरह ट्रेन नंबर 05559 रक्सौल-उधना, (साप्ताहिक शनिवार) 29 नवंबर से 3 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 05560 उधना-रक्सौल, (साप्ताहिक रविवार), 30 नवंबर से 4 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 06597 यशवंतपुर-योग नगरी ऋषिकेश, (साप्ताहिक गुरुवार) 27 नवंबर से 1 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 06598 योग नगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर, (साप्ताहिक शनिवार) 29 नवंबर से 3 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 09043 बांद्रा टर्मिनस-बरहनी, (साप्ताहिक रविवार) 30 नवंबर से 4 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 09044 बरहनी-बांद्रा टर्मिनस, (साप्ताहिक सोमवार) 1दिसंबर से 5 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 07075 हैदराबाद-गोरखपुर, (साप्ताहिक शुक्रवार)28 नवंबर से 2 जनवरी तक, ट्रेन नंबर 07076 गोरखपुर-हैदराबाद, (साप्ताहिक रविवार) 30 नवंबर से 4 जनवरी तक रद्द रहेगी। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्री अपनी यात्रा आरम्भ करने से पूर्व ट्रेनों की उचित जानकारी एनटीईएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर यात्रा का लाभ लें।

स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्कूल प्रबंधन के नेतृत्व में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, करैरा के प्रांगण में स्कूल प्रबंधन के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जन सहयोग से स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किया, जिसमें पेड़ों के महत्व, जलवायु परिवर्तन और हरियाली के लाभों पर चर्चा की गई।

प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बच्चों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी, ताकि वे प्रकृति के प्रति अपनी भूमिका समझें। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। स्कूल प्रबंधन ने इस पहल को वार्षिक गतिविधि में शामिल करने का निर्णय लिया है, ताकि हर साल बच्चे पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनें। इस आयोजन ने न केवल स्कूल परिसर को हरा-भरा किया, बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी जगाई। स्थानीय निवासियों ने भी स्कूल प्रबंधन की इस पहल की सराहना की।



## दिनारा प्रेस यूनिटी में पत्रकारों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



प्रेस जगत की एकता और भाईचारे का प्रतीक, दिनारा प्रेस यूनिटी ने अपने सभी प्रिंट मीडिया सदस्यों के बीच नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकार साथियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। दिनारा प्रेस यूनिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं। नितिन यादव अध्यक्ष, पंकज पौराणिक उपाध्यक्ष।

इस कार्यक्रम में दिनारा प्रेस यूनिटी के सभी आमंत्रित सदस्यगण मौजूद रहे। प्रमुख सदस्यों में शामिल थे। अनुराग द्विवेदी, उपेंद्र तिवारी, विनोद यादव, रणवीर यादव, मनीष खटीक, पुष्पेंद्र प्रजापति, रवि गौतम, जीतू पंडित, विकास राजा, दीपक परिहार, राघवेंद्र यादव मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेस यूनिटी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन और एक स्वागत भाषण के साथ हुई। इसके बाद सभी पत्रकार साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। मिठाई वितरण और एक-दूसरे के गले मिलने के दौरान माहौल में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई।

इस मौके पर सभी पत्रकार साथियों ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की आवाज़ और सच का प्रतीक है। हम सभी मिलकर दिनारा क्षेत्र में प्रेस की गरिमा और एकता को और मजबूत करेंगे। विशेष रूप से नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन यादव ने कहा कि उन्हें इस प्रतिष्ठित पद पर चुने जाने पर गर्व है और वह अपने सभी साथी पत्रकारों के सहयोग से प्रेस यूनिटी को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उपाध्यक्ष पंकज पौराणिक और सचिव भूपत परिहार ने भी अपनी ओर से पत्रकार साथियों का धन्यवाद किया और हर सदस्य के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकार साथियों ने एक संयुक्त फोटो सेशन किया, जिससे इस ऐतिहासिक और भावपूर्ण अवसर की याद हमेशा बनी रहे। दिनारा प्रेस यूनिटी के सदस्यों का कहना था कि इस तरह के आयोजनों से न केवल पत्रकारिता में भाईचारा बढ़ता है, बल्कि समाज में प्रेस की भूमिका को भी मजबूती मिलती है। स्वागत समारोह ने यह संदेश दिया कि पत्रकारिता केवल खबर तक सीमित नहीं है, बल्कि एकता, सहयोग और सम्मान का प्रतीक भी है।

## शिविर में 106 मरीजों के आंखों की हुई जांच, नेत्र रोगों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



स्थानीय सद्गुरु विज़न सेंटर पर नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें डॉक्टर राजकरण वर्मा एवं डॉक्टर राघव त्रिपाठी ने करीब 106 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीकों की जानकारी दी।

वहीं दूसरी और 39 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया। 17 मरीजों को मोतिया बिंद चिन्हित किया और 21 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। साथ ही 29 लोगों को चश्मे के नंबर निकाले गए। इसके अलावा पिंगले ने बताया कि उपरोक्त शिविर का आयोजन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं सद्गुरु रणछोड़ दास महाराज की कृपा से ग्रामीण एवं शहर में लगातार किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी गणेश राम रघुवंशी, डॉ राजकरण ने एवं समाज सेवी भगवान दास साहू ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। शिविर में विजय अरोरा, हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया ने अपना सक्रिय सहयोग दिया।

## अग्रसेन जयंती पर प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

**महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना और महाआरती की गई**

सोमवार को अग्रसेन जयंती के मौके पर अग्रवाल समाज द्वारा विविध कार्यक्रमों से पहले प्रभात फेरी के साथ जयंती महोत्सव की शुरूआत की गई। सुभाषगंज से प्रभात फेरी निकाली गई जो हाथ में ध्वज लेकर समाजजन अग्रवाल पेलैस पहुंचे। अग्रसेन जंयती के मौके पर पूर दिन कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस मौके पर दोपहर को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें हाउजी, लकी गेम, और लकी ड्रा का आयोजन किया गया। हाउजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौरभ अगवाल, द्वितीय स्थान अनिल अग्रवाल, और तृतीय स्थान वेदप्रकाश गोयल ने प्राप्त किया। महिलाओं द्वारा गरबा की प्रस्तुती प्रदान की गई। शाम 5 बजे भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना और आरती महोत्सव का आयोजन हुआ। इस मौके पर समाज जनों में अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बसंल, उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, विकास अग्रवाल, वेदप्रकाश गोयल, कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, महिला मण्डल की अध्यक्ष अर्चना बंसल, सचिव पूजा बंसल आदि उपस्थित थीं।

## 'सोलर पैनल भविष्य की दृष्टि से ऊर्जा संरक्षण का महत्वपूर्ण साधन है'

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने सोलर पैनल की उपयोगिता एवं बिजली बचत की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सोलर पैनल हम सभी को अपने-अपने घरों में भी लगवाना चाहिए। भविष्य की दृष्टि से ऊर्जा संरक्षण का महत्वपूर्ण साधन है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा ऊर्जा संरक्षण का कार्य हम सभी अपने-अपने घरों से शुरू करें। रसोई में भोजन पकाते समय इस बात का ध्यान रखें की खाद्य सामग्री को हम कम समय एवं कम रसोई गैस की खपत से बना सकते हैं। जैसे दाल, चावल आम जीवन की रसोई में प्रतिदिन बनता है। इसके लिए बनाने से 1 घंटे पूर्व पानी में गला कर रख दें आपका समय एवं गैस दोनों की बचत होगी जल्दी तैयार हो जाएगा। मुख्य वक्ता नवीन नामदेव ने सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण से हम पर्यावरण संरक्षण एवं




आर्थिक बचत भी कर सकते हैं । हमें अपने जीवन में मेहनत एवं श्रम करना होगा, तभी हम ऊर्जा संरक्षण कर सकते हैं। हम सभी अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में आदत डालें घर के अनावश्यक चल रहे लाइट, पंखे, एसी सभी को जरूरत न पढ़ने पर बंद करें। इसके साथ ही अपने कार्यस्थल में भी इस बात का ध्यान रखें ऊर्जा संरक्षण के लिए यह हमारा बड़ा एवं महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम में नीता नामदेव, आरती ठाकुर, अरुण उपाध्यक्ष, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर, डॉक्टर दीप माला सिंह, प्रकाश, डॉक्टर आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## गौ सेवक कल्लू महाराज ने एक्सीडेंट में घायल हुए कुत्ते का किया उपचार



**दिनारा।** एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल एक कुत्ते का जीवन गौ सेवक कल्लू महाराज की देखरेख में बच गया। हादसे में कुत्ते ने अपना अगला पैर गंवा दिया था। गौ सेवक की तत्परता से यह वह अब ठीक हो गया है। कल्लू महाराज ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ इलाज करना नहीं था, बल्कि जीव जंतु के प्रति मानवता और सेवा का संदेश फैलाना था। उनका कहना है, हम तो सिर्फ इलाज का माध्यम हैं, असली डॉक्टर तो भगवान हैं। हम तो केवल सेवा कर रहे हैं। जीत हार का फैसला भगवान के हाथ में है। कर्म करते जाओ, हर की इच्छा मत करो।

### 24 सितंबर को होगा जिन शासन एकता संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन

# कोमा में चला जाता है ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है इससे बचें: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर


दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राग का पता नही चलता द्वेष में व्यक्ति कोमा में चला जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है इससे बचें। राग ब्लड प्रेशर को शांत कर देता है राग में ब्लड प्रेशर नही बड़ता है, द्वेष व्यक्ति को तनाव में रखता है। राग भवो भवों तक करता रहता है इसलिए धर्म को वीतरागी कहा है मुनि को वीतद्वेषी नहीं कहा। राग छोड़ने को कहा गया है द्वेष तो ज्यादा देर तक नही रहेगा। राग को छोडना बहुत कठिन है राग कव बढ़ता चला जाता है पता ही नहीं चलता।

उन्होंने कहा कि अपने गुरु से कल्याण होगा गुरु के मुख से निकली हर बात नई नई लगतीं हैं शब्द वहीं है भाव वहीं है जितनी वार नमोस्तु करेगा हर बार आशीर्वाद नया आशीर्वाद की अनुभूति होगी तुम्हारे लिए हर नमोस्तु में आशीर्वाद प्राप्त होता है तो जैसे ही नमोस्तु किया तो एनर्जी मिलना शुरु हो जायेंगी।

### सुख के जगह दुःख के समय सावधानी जरूरी है

परम पूज्य गुरुदेव ने कहा कि हम दुख के कारणों को जानकर उनसे वचने का उपाय सोचते हैं भगवान की भक्ति करते हुए 48 बार भक्तामर का पाठ, 40 बार चालिसा का पाठ कर रहे है। दुख को दूर करने के लिए ये सब करते रहते है। कोई सुखी व्यक्ति दिन में 48 बार भक्तामरजी का पाठ करें तब बात है। मिट्टी अच्छी लगती है बालक को उसके लिए जिनवाणी मां चाहिए निम्बोली कडवी होती है वो बालक नही खाता। क्रोध अग्नि है द्वेष है उसके कारण सबको बुरा लग रहा है। क्रोध स्वयं को बुरा करने वाले को भी बुरा देखने वाले को भी बुरा लगता है। राग स्वंय को अच्छा करने वाले को भी अच्छा देखने वालों को भी अच्छा लगता है। राग करने वालों के लिए धर्म की जरूरत है उनके लिए धर्म स्वाध्याय की जरूरत है। अमीर को धर्म की जरूरत है, गरीब को धर्म की जरूरत उतनी नही है। मुनि श्री ने कहा कि जीवन में जो अनिष्टकारी है उससे धर्म ही बचाएगा। जीव को दुखों से, कांटों से धर्म बचाएगा धर्म की जरूरुत हमेशा है दिन में करे रात में करें। सब जानते हैं कैसे फूल बिछते है। धर्म कहता हे वहा सावधान रहे क्योंकि, काटों में तो धर्म सभी करते हैं,गुरु की भी जरूरत नहीं होती सावधान करने की गरीबी में जरूरत नहीं क्योंकि गरीब शराब जुआ अदि पाप नहीं कर सकता अमीर को धर्म की जरूरत है क्योंकि वह धन से सब कुछ शराब जुआ आदि करेगा। उन्होंने कहा कि भगवानो से जगत का कल्याण नहीं होगा अपने भगवान से अपना कल्याण होगा। ऐसे ही गुरु से नहीं अपने गुरु से कल्याण होगा।





### आज होगा नगर में राष्ट्रीय सम्मेलन

इसके पूर्व गत दिवस पाठशाला सम्मेलन के समापन समारोह संत्र में आचार्य के चित्र का अनावरण दयोदय महा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय मंत्री सी ए खुशाल जैन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई पुण्यर्जक पवन जैन पतकार सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में युवा में अलख जगाने हेतु राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन 24 सितम्बर को सुभाष गंज मैदान में रखा जा रहा है जिसमें परम पूज्य गुरुदेव का विशेष मार्ग दर्शन प्राप्त होगा।